उन्होंने कहा कि एक तरफ उपराष्ट्रपति किसानों से बातचीत के लिए दरवाजे खोलने के लिए केन्द्र सरकार को परामर्श देते हैं और दूसरी ओर केन्द्र व प्रदेश सरकारें किसानों के रास्ते में कांटे बिछाते है, बैरिकेडिंग लगाते हैं। किसान 10 फीसदी आबादी भूखंड पर 64.7 प्रतिशत अधिक मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन के स्तर पर सुनवाई नहीं होने के बाद ही किसानों को दिल्ली कूच करने का निर्णय लेना पड़ा है। किसान 10 फीसदी आबादी भूखंड, 64.7 फीसदी अधिक मुआवजा और नए भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के सभी लाभ दिए जाने की मांग कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि 10 प्रतिशत आबादी प्लॉट का निर्धारण किया जाए। इसके अतिरिक्त किसान संगठन सभी लम्बित मांगों को भी पूरा करने के लिए काफी इंतजार कर चुके हैं। यदि सरकार इन सभी मांगों को नहीं मानती तो किसान संयुक्त मोर्चा द्वारा जो भी निर्णय लिया जायेगा भारतीय किसान यूनियन इंडिया उसे पूर्ण समर्थन देगी व आंदोलन में भी शामिल होगी। दिल्ली जाने वालों में राष्ट्रीय महासचिव धर्मेंद्र गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र गुर्जर व देव नागर, अंकुर चपराणा, सरदार अमनदीप सिंह, डा. संजीव अग्रवाल, ओमकार यादव, काशिफ मंसूरी, महताब अल्वी, ठाकुर विकास आदि शामिल रहे।

## भाकियू इंडिया ने दी आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजली

### केन्द्र सरकार से की कठोर कार्यवाही की मांग




बुलन्द वाणी संवाददाता

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया द्वारा तिरंगा गेट, हापुड़ रोड, मेरठ पर पहलगांव में कायरता पूर्वक आतंकी हमले में मारे गये लोगों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृत लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये व उनके परिवारजन के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप तितौरिया ने कहा कि पहलगांव हमला केन्द्र व राज्य दोनों सरकारों की विफलता है। ऐसा पर्यटक स्थल जिसे मिनी स्वीटजरलैंड कहा जाता हो और वहां पर भारी गिनती में पर्यटक जाते हो वहां सुरक्षाकर्मी मौजूद होना केन्द्र व राज्य सरकारों व खुफिया विभाग पर प्रश्न चिन्ह लगाता हैं। इतना बड़ा हमला होने के बावजूद केन्द्र की सरकार मामले से ध्यान हटाने के लिए हिन्दू मुस्लिम खेल खेलने पर लगी हुई है। इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार को सभी दलों को विश्वास में लेकर बुलाकर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए और इसमें शामिल दोषियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में संदीप तितौरिया, हाजी इमरान त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा आदेश राठी,प्रदेश महा सचिव सरदार अमनदीप सिंह, यामीन, राकेश प्रजापति,संजीव गुप्ता , रिहान त्यागी,हाजी ताहिर, दीपांशु तितौरिया, मोहित गुप्ता, सुनील गुप्ता साबुन गोदाम, धर्मेन्द्र गुर्जर, देव नागर, अंकुर चपराणा, शाहिद त्यागी आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।

## वातावरण बचाने को भाकियू इंडिया लगायेगी 5000 पौधे



सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद गाजियाबाद। भाकियू इंडिया के द्वारा अपनी मासिक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री संदीप तितौरिया ने किया। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए श्री संदीप तितौरिया ने कहा कि आज कल वातावरण का होना असंतुलित चिंतन का विषय है। जिस कारण कहीं तो प्रलय आ रही है और कहीं इतनी गर्मी पड़ रही है कि जिससे लोग बीमार हो रहे है। एक तरफ केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकारें पेड़ लगाने की बात करते है और दूसरी ओर विकास के नाम पर पेड़ों का कटान करवाती है। जिसका जीवंत उदाहरण गंग नहर पटरी पर सड़क बनाने के नाम पर लाखों हरे भरे पेड़ अनावश्यक रुप से काट दिये गये। जिसका ठेकेदार और सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। भाजपा सरकार के नेताओं व कार्यकताओं द्वारा केवल पौधे लगाकर फोटो खिचवा ली जाती है, बाद में उन पौधों की सुध बुध लेने वाला कोई नहीं होता। इसी सब को देखते हुए भाकियू इंडिया ने फैसला किया है कि वातावरण को बचाने व आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देने हेतु समय-समय पर पौधारोपण किया जायेगा। इस सम्बन्ध में आने वाली 8 जुलाई को मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस वे के किनारों पर भाकियू इंडिया द्वारा पौधोरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। साथ ही श्री संदीप तितौरिया ने वन विभाग से मांग कि जब कई व्यक्तियों द्वारा पौधे रोपित किये जाते है तो उन्हें पर्याप्त सुरक्षा न मिलने के कारण छूटा पशु खा जाते है। उन्हें प्र्याप्त संरक्षण हेतु पौधे के उपर टी गार्ड अथवा लोहे की जाली की व्यवस्था की जाये, जिससे पौधा बड़ा हो सके। पौधों की रक्षा हेतु शीघ्र ही भाकियू इंडिया का दल डीएफओ से मिलेगा। बैठक में सरदार अमनदीप सिंह, सुमित सिंह, दीपांशु तितौरिया, डा0रविन्द्र तोमर, शरद तुरैहा, सर्वेश ढडरा, मोनू रोहटा, दीपक चैहान, काशिफ मंसूरी, रहीस अहमद, रिहान मेवाती, विकास ठाकर, परवेज चैधरी, आदेश कमार, अर्चना अहलावत, पिंकी

# NEWS UPDATES

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भाकियू इंडिया के कार्यकर्ता पहुंचे नोएडा

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवनागर व जिलाध्यक्ष मेरठ अंकुर चपराणा के नेतृत्व में भाकियू इंडिया के कार्यकर्ता, पदाधिकारी काशी टोल प्लाजा पर एकत्र हुए और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर नोएडा की ओर कूच किया। पिछले दिनों नोएडा में प्रदेश सरकार के इशारे पर गिरफ्तार किसानों व महिलाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा आज नोएडा कूच का ऐलान किया गया था। एक तरफ तो सरकार किसानों से बातचीत की बात करती है और दूसरी तरफ किसानों व महिलाओं पर लाठीचार्ज करती है, ऐसा प्रतीत होता है कि यह जनविरोधी व किसान विरोधी केन्द्र व प्रदेश की सरकार तानाशाह हो गये हैं।





अन्नदाता के साथ ऐसा व्यवहार अच्छा नहीं है। इस पर दूसरे सबसे बड़े संविधानिक पद पर आसीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ भी लगातार चिंता प्रकट कर रहे हैं। नोएडा जाने वालों में पंकज राणा, राजीव कुमार, मनीष, विशाल घाट, अरुण लखवाया, ज्ञानेन्द्र, अमित टेढ़ा, सरदार अमनदीप सिंह, हर्ष ,दीपांशु तितौरिया, ललित मुंडे, आशीष प्रधान, नसीम अहमद, डा. अजय कुमार, विपुल सिंह, अजय यादव, ओमकार यादव, काशिफ मंसूरी, शाहिद अल्वी, अमन कुरैशी, रहीस अहमद, आदेश गुर्जर, हाजी इमरान त्यागी, मंगू बैंसला सुशील तितौरिया आदि मौजूद रहे।

दैनिक **बुलन्द वाणी**

## भाजपा की किसान विरोधी सरकार का चेहरा फिर उजागर

बुलन्द वाणी गौरेश सैनी

मेरठ। अमेरिका द्वारा भारत के साथ टैरिफ समझौते में कृषि और डेयरी कृषि क्षेत्र में अमेरिकी

● **अमेरिका व्यापार समझौते में कृषि व डेयरी क्षेत्र में विदेशी पूंजीवाद के लिए रास्ता खोलना खतरनाक : तितौरिया**

कारपोरेट घरानों का प्रवेश का रास्ता खोल देने से भारत के किसानों की रीढ़ की हड्डी टूट जायेगी। इस सम्बन्ध में भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर कृषि व डेयरी को इस समझौते में शामिल नहीं करने की मांग की



गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत द्वारा अमेरिका के आगे घुटने टेक दिये गये है। भारत और अमेरिका के मध्य टैरिफ की समयबाधि 9.07.2025 को समाप्त हो जायेगी और दोनों देशों के मध्य इस सम्बन्ध में चर्चा का दौर चल रहा है जो अपने अंतिम चरण में है। यदि इस समझौते में कृषि और डेयरी क्षेत्र को शामिल किया जाता तो भारतीय किसानों की कमर टूट जायेगी। भारतीय किसान पहले ही फसलों के उचित दाम, मौसम व सरकार द्वारा कोई सहयोग न मिलने से परेशान है और भाजपा की केन्द्र सरकार किसी न किसी बहाने काले कानून लागू करने को तत्पर है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह भाजपा सरकार की सोची समझी साजिश है, इसके बहाने केन्द्र सरकार किसान विरोधी काले कानून लागू करना चाहती है। भाजपा की किसान विरोधी सरकार किसानों को मजदूर बना देना चाहती है। अमेरिका का किसान खुशहाल है क्योंकि वहां की सरकार किसान को सब्सिडी देती है। ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ पूंजीपतियों के दबाव में व उन्हें खुश करने के लिए सरकार यह सब कार्य कर रही है। यदि कृषि व डेयरी क्षेत्र को शामिल करती है तो भारतीय किसान यूनियन इंडिया इसके विरुद्ध आंदोलन करने हेतु मजबूर हो जायेगी।

संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करने की बात कही। संवाद

## फिरोज जिला उपाध्यक्ष बने

अमर उजाला

मेरठ। भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया की ओर से फिरोज आलम रिजवी को संगठन का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने संगठन के हित में और किसानों की समस्याओं को लेकर कार्य करने की बात कही। संगठन के डॉ. संजीव अग्रवाल ने भी फिरोज को बधाई दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अंकुर चपराना, आशुतोष अग्रवाल, तनवीर, तालिब आदि मौजूद रहे। संवाद



फिरोज आलम को मनोनयन पत्र सौंपते अतिथि। स्रोत : स्वयं

# NEWS UPDATES

DAILY NEWS F1RST TODAY
दैनिक न्यूज फर्स्ट टुडे

## आरिफ राणा बने भारतीय किसान यूनियन इंडिया के प्रदेश सचिव




मेरठ (एनएफटी रिपोर्टर)। भारतीय किसान यूनियन इंडिया की एक बैठक माधवपुरम, सेक्टर-3 में हुई, जिसमें पीपल के पेड़ का पौधरोपण के साथ ही बैठक आरम्भ की। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया रहे। संचालन ओमकार यादव व अध्यक्षता पूर्व पार्षद अबरार अहमद ने की। उपस्थित कार्यकर्ताओं में आरिफ राणा को प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा गया। बैठक को सम्बोधित मुख्य अतिथि तितौरिया ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन इंडिया हमेशा से गरीब, किसान, मजदूरों व वातावरण के लिए की आवाज उठाती रही है। इसी श्रृंखला में जहां एक ओर जनहित में गरीब किसान व मजदूरों की लड़ाई लड़ी जा रही है। वहीं वातावरण में हरियाली का खास ध्यान रखते हुए

के जन प्रतिनिधियों द्वारा भेदभाव किया जा रहा है। उन्हें सफाई व मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन इंडिया का प्रतिनिधिमंडल इस सम्बन्ध में शीघ्र ही नगरायुक्त से मिलकर पार्क की चारदीवारी, सफाई, सिविर लाईन, स्वच्छ पानी व बरसात के मौसम

महासचिव धर्मेन्द्र गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देव नागर, हाजी इमरान त्यागी, आदेश राठी, अंकुर चपराणा, राहुल गुर्जर, डॉ संजीव, इनाम अली, आशुतोष, विनोद विदोड़ी, ओमकार यादव, महेन्द्र जाटव, राजकुमार उर्फ डान चांदना, विजय कुमार, दीपांशु तितौरिया, सरदार

रविवार, 20 जुलाई, 2025, मेरठ
वर्ष-10, अंक-08 पेज 4, मूल्य-₹ 1
DAILY NEWS F1RST TODAY
दैनिक न्यूज फर्स्ट टुडे
www.newsfirsttodcy.com
nftoday2016@gmail.com

## फिरोज आलम रिजवी बने भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के जिला उपाध्यक्ष



मेरठ (प्र)। भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया ने फिरोज आलम रिजवी पुत्र सईद जमाल हसन, निवासी 349/1 बागपत गेट मेरठ को भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के मेरठ जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। संदीप ने कहा कि फिरोज से आशा ही नहीं अपितु विश्वास है कि वे गरीब, किसान व मजदूरों की समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हुए उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करते रहेंगे और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

+91 9359587856, +91 9027807007
bhartiyakisanunionindia@gmail.com

# NEWS UPDATES

## भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने किसानों की समस्याओं को लेकर

# जिलाधिकारी को दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन






**बुलन्द वाणी संवाददाता**

**मेरठ** । भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया के नेतृत्व में जिलाधिकारी मेरठ के माध्यम से मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें किसानों को खेती से सम्बन्धित विभिन्न पहलूओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया गया। तितौरिया ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों और हाइवे के निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे किसानों की आजीविका और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में खेती का रकबा तय करने के साथ उद्योगों/हाइवे के निर्माण के लिए कृषि भूमि के अधिग्रहण पर रोक लगाने के साथ ही खेती का रकबा कम न करने, उद्योग व हाईवे हेतु बंजर या अनुपयोगी भूमि का ही उपयोग करने, खेती में उपयोग होने वालों उपकरणों व अन्य यन्त्रों को जी.एस.टी. से मुक्त करने, खेती के उपकरणों की खरीद पर किसानों को सब्सिडी देने, खेती में प्रयुक्त ट्रैक्टर की 10 वर्ष समयावधि को समाप्त करने, ट्यूबवैल पर 5 किलोवाट तक का सोलर पैनल मुफ्त लगाये जाने, ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली कटौती से मुक्त करने, अनिवार्य होने पर ही कृषि जमीन का अधिग्रहण किया जाये, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को खेती व बागवानी की जमीन से न्यूनतम 1 कि0मी0 दूर स्थापित करने, व जो उद्योग गैर कानूनी रुप से कृषि भूमि पर संचालित हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की, जिससे खेती पर दुष्प्रभाव न पड़े और प्रदूषण मुक्त रहे। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव धर्मेन्द्र गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देव नागर, जिलाध्यक्ष अंकुर चपराणा, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष प्रधान, राहुल गुर्जर, प्रदेश महासचिव आदेश राठी, हाजी इमरान त्यागी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, ओमकार यादव, विनोद गुर्जर, संजीव गुप्ता, सरदार अमनदीप सिंह, पंकज ज्ञानेन्द्र राणा, अबरार अहमद, अमित गुप्ता, संजू वर्मा, हर्ष बंसल, मोनू गुप्ता, दीपांशु तितौरिया, उम्रदराज, रईस अहमद आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।

दैनिक उत्तरांचल क्राईम न्यूज
टाईम की दुनिया में हलचल मचाने वाला

# भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष का उत्तराखंड दौरा

## ■विक्रम भारद्वाज को दी गई प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**देहरादून, संवाददाता।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया अपने उत्तराखंड दौरे पर प्रदेश की राजधानी देहरादून पहुंचे। जहां उन्होने एक होटल पर पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से विक्रम भारद्वाज को उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई और शीघ्र ही उन्हें अपनी कमेटी गठित कर अनुमोदन के लिए भेजने के लिए कहा गया।

इस मौके पर तितौरिया ने उपस्थिति कार्यकर्ताओं से नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के साथ मिलकर पहाड़ी राज्य में यूनियन को मजबूत कर गरीब, मजदूर व किसानों की आवाज बनने का आहवान किया। विक्रम भारद्वाज ने कहा कि जहां एक ओर पहाड़ों पर आपदा आने के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है और दूसरी ओर पहाड़ी राज्य में आदिवासी लोगों नरकीय जीवन व्यापन के लिए मजबूर है। यूनियन द्वारा शीघ्र ही उनका किसानों व आदिवासी समाज के व्यक्तियों का जीवन स्तर को उठाने के लिए यूनियन द्वारा संघर्ष की रूपरेखा तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि अति शीघ्र उत्तराखण्ड राज्य में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा।

इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव धर्मेन्द्र गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवनागर, जिलाध्यक्ष मेरठ अंकुर चपराणा, राहुल गुर्जर, हाजी इमरान त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने गायों व गौवंशों की मौत पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की नगरायुक्त के निलंबन व महापौर के इस्तीफे की मांग



राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

मेरठ। भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर परतापुर की कान्हा गौशाला में हो रही गाय व गोवंशों की मौत के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय जांच की मांग के साथ ही नगरायुक्त व दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही के साथ ही महापौर को हटाने की मांग की। तितौरिया ने कहा कि एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री आधुनिक गौशालाओं के निर्माण की बात कहते है और दूसरी ओर उन्हीं के शासन में सत्तापक्ष के लोग गायों के चारा भूसा के पैसा खा जाते है। तितौरिया ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस मामलें में इतना भ्रष्टाचार फैला है कि गायों व गौवंश की गिनती कम थी और भुगतान ज्यादा किया गया। एक तरफ मुख्यमंत्री जीरो टोलरेंस की बात करते है और दूसरी ओर भाजपा के लोग कम्पनी बनाकर सरकारी टेंडर ले लेते है और फर्जी भुगतान प्राप्त कर लेते है। भुगतान में सप्लाई कम्पनी व नगर निगम अधिकारियों द्वारा बंदरबांट किया जाता रहा है। न तो गौवंश के लिए गर्मी बरसात से बचाव की कोई व्यवस्था थी और न ही चारा व मेडिकल सुविधाओं की कोई उचित व्यवस्था थी। गौशाला में खल, चूरी व चारा सप्लाई करने वाली कम्पनी मालिकों के सत्ता पक्ष के नेताओं का हाथ होने के कारण आज तक कोई कार्यवाही नही की गई। जब तक इसकी निष्पक्ष जांच न हो जाये तब तक नगरायुक्त का तबादला करने के साथ ही मेरठ नगर निगम महापौर को पदमुक्त करने के लिए कहा। तितौरिया ने यह भी मांग की यदि नगर निगम द्वारा गौशाला का संचालन उचित प्रकार से नहीं किया जाता तो यह जिम्मेदारी भारतीय किसान यूनियन इंडिया को दे दी जायें। यदि इस ओर मुख्यमंत्री द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती तो भारतीय किसान यूनियन इंडिया द्वारा नगरायुक्त व महापौर के विरुद्ध प्रदर्शन किया जायेगा।

# NEWS UPDATES

# किसानों की समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट पर गरजे भाकियू नेता

उदयवाणी संवाददाता



मेरठ। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन इंडिया के कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समस्याओं के निदान की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया के नेतृत्व में मंगलवार को जुलूस निकालते हुए कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के साथ मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में खेती की जमीन की सुरक्षा और किसानों के हितों की रक्षा के लिए हम आपके समक्ष एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहते हैं। प्रदेश में उद्योगों और हाइवे के निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे किसानों की आजीविका और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

ज्ञापन में मांग की गयी है कि प्रदेश में खेती का हाइवे के निर्माण के लिए कृषि भूमि के रकबा तय किया जाए और उद्योगों/हाइजे अधिग्रहण पर रोक लगाई जाए और उनकी मांगो पर विचार कर कार्यवाही अमल में लाई जाये। किसानों ने मांग की कि खेती का रकबा कम न किया जाये। उद्योग व हाईवे हेतु बंजर या अनुपयोगी भूमि का ही उपयोग किया जाये। खेती में उपयोग होने वाले उपकरणों व अन्य यन्त्रों को जीएसटी से मुक्त किया जाये। खेती के उपकरणों की खरीद पर किसानों को सब्सिडी दी जाये। खेती में प्रयुक्त ट्रैक्टर की 10 वर्ष समयावधि को समाप्त किया जाये। ट्यूबवैल पर 5 किलोवाट तक का सोलर पैनल मुफ्त लगाया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली कटौती से मुक्त किया जाये। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को खेती व बागवानी की जमीन से न्यूनतम एक कि०मी० दूर स्थापित किया जाये। जो उद्योग गैर कानूनी रुप से कृषि भूमि पर संचालित है उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद किया जाये जिससे खेती पर दुष्प्रभाव न पड़े और प्रदूषण मुक्त रहे।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य प्रदेश की कृषि भूमि की सुरक्षा करना और किसानों के हितों की रक्षा करना है। हमें विश्वास है कि आपकी सरकार इस पर सकारात्मक कदम उठाएगी और प्रदेश के किसानों के हितों की रक्षा करेगी।

मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, हापुड़, बागपत, बिजनौर, बुलन्दशहर, लखनऊ एवं दिल्ली व उत्तराखण्ड प्रदेश से एक साथ प्रसारित

हिन्दी समाचार पत्र गौरवशाली 12 वां वर्ष

BV NEWS बुलन्द वाणी

27-04-2025 मजलूमों की आवाज...

Email:- bulandvani@gmail.com

# भाकियू इंडिया ने फूंका आतंकवाद का पुतला






मेरठ। भारतीय किसान यूनियन इंडिया द्वारा टी.पी.नगर चौराहा, मेरठ में पहलगांव में निहत्थे पर्यटकों पर कायरता व बर्बरता पूर्वक किये आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया व आतंक का पुतला फूंका गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप तितौरिया ने कहा कि पहलगांव हमला केन्द्र व राज्य दोनों सरकारों की विफलता है। अब जब कि पूरा देश, विपक्षी दलों के साथ ही पूरी दुनिया के देशों का आतंक के विरुद्ध समर्थन प्राप्त है तब भी प्रधानमंत्री कार्यवाही के लिए क्यों देर कर रहे है। पूरा देश प्रधानमंत्री की ओर देख रहा है कि 56 इंच का सीना अब क्या करता है। यह आतंकी हमला देश की अस्मत पर हमला है यदि अभी भी आतंकवादियों और उनके आकाओं को इसका मुंहतोड़ जवाब नहीं दिया गया तो यह केन्द्र सरकार की बहुत बड़ी नाकामी होगी। अन्धभक्तों से निवेदन है कि वह हिन्दू मुस्लमान की बात कर आपसी भाईचारा खराब न करें क्योंकि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। देश की एकता व अखंडता बनाये रखें। विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, हर्ष बसंल,प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीत बंसल, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोनू गुप्ता, विकास ठाकुर,, राकेश प्रजापति, ओमकार यादव, विनोद गुर्जर, सचिन राणा दीपांशु तितौरिया ललित सैनी, यश गुप्ता, सार्थक बंसल, सौरभ शर्मा, आमिर खान आदि मुख्य रुप से शामिल रहे।

+91 9359587856, +91 9027807007 bhartiyakisanunionindia@gmail.com

# NEWS UPDATES

मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025, मेरठ
वर्ष-9, अंक-234 पेज 4, मूल्य-₹ 1
दैनिक न्यूज फर्स्ट टुडे
www.newsfirsttoday.com
nftoday2016@gmail.com
DAILY NEWS F1RST TODAY

## दलितों-पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्षशील रहा बाबा साहब का जीवन : तितोरिया



मेरठ (एनएफटी रिपोर्टर)। भारतीय किसान यूनियन इंडिया के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितोरिया के नेतृत्व संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई। इस मौके पर संदीप तितोरिया ने कहा कि बाबा का साहब का पूरा जीवन भारतीय समाज की जातीय व्यवस्था और हिंदू धर्म की कुरूतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए बीता। इतना ही नहीं उनका जीवन खास तौर पर दलितों और पिछड़ों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्षशील रहा। उन्होंने हमेशा महिलाओं को शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने समाज में हर वर्ग के लिए समानता, शिक्षा, अधिकार और सम्मान देने की बात कही और उसके लिए सदैव काम किया। उन्होंने पिछड़े और मजदूर वर्ग के अधिकारों का कड़ा समर्थन किया। बाबा साहब अम्बेडकर के प्रयासों और संघर्षमय जीवन के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव धर्मेंद्र गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देव नागर, राष्ट्रीय सचिव सरदार अमनदीप सिंह, एहतेशाम इलाही, प्रदेश महासचिव काशिफ मंसूरी, प्रदेश सचिव विकास ठाकुर, उपाध्यक्ष रईस अल्वी, अमन कुरेशी वसीम अल्वी महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गोस्वामी जिला अध्यक्ष अंकुर चपराना मंडल अध्यक्ष ओमकार यादव विनोद गुर्जर प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हाजी इमरान त्यागी, प्रदेश महासचिव आदेश गुर्जर, दीपांशु तितोरिया आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

शनिवार, 22 फरवरी, 2025, मेरठ
वर्ष-9, अंक-191 पेज 4, मूल्य-₹ 1
दैनिक न्यूज फर्स्ट टुडे
www.newsfirsttoday.com
nftoday2016@gmail.com
DAILY NEWS F1RST TODAY

### गन्ना चीनी मंत्री से मिले भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया

## गन्ना समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की



मेरठ (सिटी रिपोर्टर)। भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया ने गन्ना व चीनी मंत्री संजय गंगवार के लखनऊ स्थित निवास पर भेंट की। इस मौके पर तितौरिया ने किसानों के कल्याण व फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाने जैसे मुद्दों पर बात की। उन्होंने गन्ना मंत्री से कहा कि इस बार गन्ने का समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया गया, जबकि गन्ना फसल की बुआई की लागत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। फसलों का सही मूल्य नहीं मिलने और सरकारों द्वारा किसानों के हितार्थ कोई ठोस योजनाएं लागू नहीं करने से किसान खेती से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने गन्ना मंत्री को अवगत कराया कि चीनी मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है, जबकि चीनी की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। पर न तो गन्ना का समर्थन मूल्य बढ़ाया जा रहा है और न ही चीनी मिलों द्वारा किसानों का बकाया का भुगतान किया जा रहा है। गन्ना मंत्री ने शीघ्र ही सभी मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत कराने के साथ ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने की बात कही। भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गन्ना व चीनी मंत्री से शीघ्र ही यूनियन द्वारा मेरठ में आयोजित किसान सम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया। जिस पर गन्ना व चीनी मंत्री जी ने आने का वायदा किया है।

# PROPOSED ACTION PLAN

- We will conduct baseline surveys to identify the real needs of farmers, workers, women, children, and marginalized communities at the grassroots level.
- We will organize village meetings, awareness drives, and workshops to promote social harmony, farmers' rights, health awareness, and environmental protection.
- We will facilitate access to modern agricultural equipment, sustainable farming practices, and relevant government welfare schemes.
- We will implement education and skill development programs to enhance employability, entrepreneurship, and self-reliance among youth and adults.
- We will organize regular health check-up camps, wellness sessions, and promote natural and traditional remedies for preventive healthcare.
- We will strengthen women and youth empowerment through skill training, self-help groups, and leadership development initiatives.
- We will carry out plantation drives, water conservation activities, and promote eco-friendly and sustainable agriculture.
- We will collaborate with government agencies, NGOs, and local institutions to ensure effective implementation and wider outreach.
- We will monitor progress, evaluate outcomes, and continuously improve our strategies to ensure long-term and inclusive impact.

# FINANCIAL OVERVIEW

## Financial Overview – FY 2023–24

During the financial year 2024–25, Bharatiya Kisan Union India (BKUI) focused on prudent financial management to support its mission and program activities. Funds received through membership contributions, donations, and voluntary support were utilized judiciously to implement initiatives related to farmer and worker empowerment, education and skill development, health and wellness, social harmony, and environmental sustainability.

The majority of expenditure was directed toward program activities and grassroots interventions, ensuring maximum benefit to rural and marginalized communities. Administrative and operational expenses were kept to a minimum, with emphasis on transparency, accountability, and value for money. Proper books of accounts were maintained, and financial practices adhered to applicable statutory requirements.

Overall, the financial performance for 2024–25 reflects BKUI's commitment to responsible fund management, effective utilization of resources, and strengthening the foundation for sustainable growth and future impact.



# ANNUAL GENERAL MEETING

The Annual General Meeting (AGM) of Bharatiya Kisan Union India (BKUI) for the year 2024–25 was conducted in a democratic and transparent manner with the participation of office bearers, members, and representatives from various regions. The meeting provided a platform to review the organization's activities, achievements, and challenges during the year.

Key agenda items included the presentation and approval of the Annual Report and Financial Statements, discussion on program outcomes, and planning of future strategies. Members actively shared suggestions and reaffirmed their commitment to the mission of farmer welfare, social justice, and rural development. The AGM concluded with a collective resolve to strengthen grassroots outreach and work more effectively towards an inclusive and empowered rural India.



# TECHNICAL & FINANCIAL MANAGEMENT

## Technical Management

Technical management plays a vital role in ensuring the smooth planning, execution, and monitoring of the organization’s activities. It involves the effective use of digital tools and systems to manage data, communication, documentation, and reporting across all programs and projects.

The organization uses technical management to maintain records of beneficiaries, volunteers, events, and finances, ensuring accuracy and transparency. Digital platforms are utilized for internal coordination, online meetings, social media outreach, and public awareness campaigns, helping the organization reach a wider audience.

By adopting simple and reliable technologies, technical management supports timely decision-making, improves efficiency, and strengthens accountability. It also helps in impact tracking, reporting to stakeholders, and continuous improvement of programs, enabling the organization to deliver services more effectively to the community.

## Financial Management

We maintain complete transparency and accountability in managing funds. All donations and grants are recorded through proper accounting systems, with detailed expense tracking for every program and activity. Budgets are prepared annually, approved by the governing body, and monitored regularly to ensure optimal utilization of resources. Financial statements are audited by certified auditors, and periodic financial reports are shared with stakeholders to maintain trust and confidence.

# REQUIREMENTS OF OUR ORGANIZATION

To effectively implement our programmes and expand our reach to underserved communities, our organization requires sustained support across the following key areas:

### Financial Support

Sustainable funding is essential to conduct health camps, awareness workshops, education programs, and community outreach activities.

### Human Resources & Volunteers

Dedicated volunteers, social workers, trainers, and field coordinators are needed to plan and execute programs at the ground level.

### Technical & Digital Support

Support for data management, documentation, reporting, social media outreach, and basic IT infrastructure is required to improve efficiency and transparency.

### Infrastructure & Logistics

Access to community spaces, training halls, medical equipment, transportation, and basic office facilities is necessary for smooth operations.

### Expert Guidance & Partnerships

Collaboration with doctors, legal experts, educators, government departments, and NGOs helps strengthen program quality and reach.

### Awareness & Community Participation

Tools and expertise to assess impact, collect feedback, and improve program effectiveness are required for continuous growth.

# CONTACT US

### Contact No.

📞 +91 9359587856, 📞 +91 9027807007

### Email Id

bhartiyakisanunionindia@gmail.com

### Communication Address

116–117, Aggarwal Complex, Sharda Road, Meerut (Uttar Pradesh) – 250002

### Website

www.bhartiyakisanunionindia.com



Thank you